हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 13 मई 2026
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

तापमान
अधिकतम 39.2 डिग्री
न्यूनतम 28.6 डिग्री

12 ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को आगे लाने में ऐसे ...



12 खाद का वितरण पॉस मशीन के माध्यम से ...




## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें

फायर सेफ्टी के कोर्स



1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी. फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. (ADIS) एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
6. (PDIS) पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी

विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.


## खबर संक्षेप

### निजी तस्वीरें वायरल करने वाला गिरफ्तार

**महासमुंद**। जिला पुलिस ने महिलाओं की निजी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी रोनोजीत दोलाई, जो पश्चिम बंगाल का निवासी है, ने पीड़िता का मोबाइल मांगकर उसकी निजी तस्वीरें और वीडियो अपने फोन में ट्रांसफर कर लिए। पीड़िता के मना करने के बावजूद, आरोपी ने इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर उन तस्वीरों को सार्वजनिक कर दिया और उसे ब्लैकमेल करने लगा। पुलिस ने तकनीकी जांच और साइबर सबूतों के आधार पर आरोपी को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन और आपत्तिजनक डिजिटल डेटा भी जब्त कर लिया है।

### कंटेनर की टक्कर से कार सवार घायल

**महासमुंद**। खल्लारी थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 353 पर ग्राम मामा भांचा के पास एक तेज रफ्तार ट्रक कंटेनर और वेगनआर कार के बीच सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कंटेनर सड़क पर ही पलट गया। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, 9 मई को बागबाहरा निवासी चंदीप सिंग सलूजा अपने परिजनों के साथ कार सीजी 06 जीटी 3196 में सवार होकर महासमुंद की ओर जा रहे थे। दोपहर करीब 3:30 बजे जैसे ही वे मामाभांचा गांव के पास पहुंचे, सामने से आ रहे कंटेनर ओडी 02 सीएक्स 3897 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कार को जोरदार ठोकर मार दी। इस हादसे में चंदीप सिंग सलूजा,पृथ्वी राजपूत के सिर पर चोट लगी है और गुरजस सिंग सलूजा के चेहरे पर चोटें आई।

# निर्धारित से अतिरिक्त फीस लेने की शिकायत लेकर पहुंचे पूर्व छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के एक निजी कॉलेज के खिलाफ बीएड सत्र 2023-25 के छात्रों ने मोर्चा खोलते हुए कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचकर अवैध वसूली और प्रताड़ना का आरोप लगाया है। श्याम बालाजी कॉलेज के कथित प्रभावित छात्र-छात्राओं का कहना है कि कॉलेज प्रबंधन द्वारा निर्धारित फीस के अलावा हर साल 20,000 रुपये अतिरिक्त वसूले गए हैं। इसके साथ ही उपस्थिति के नाम पर 25,000 रुपये प्रति सेमेस्टर तक की मांग की जाती थी। छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि उनसे गमले, पौधे और मॉडल के नाम पर भी पैसे लिए गए और उन्हें जबरन हॉस्टल में रहने के लिए मजबूर किया गया। शिकायत पत्र के अनुसार, बीते 25 फरवरी को प्रशासन द्वारा की गई एक जांच में कॉलेज पर लगे अवैध वसूली के आरोप सही पाए गए। उस समय एक छात्रा की शिकायत पर कॉलेज प्रबंधन ने उसे पैसे वापस कर दिए। लेकिन, बाकी छात्रों को अभी तक उनकी राशि नहीं लौटाई गई है।

## श्याम बालाजी कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ कलेक्टर जनदर्शन में खोला मोर्चा

### शिकायत कर रहे छात्रों की मांगें

सभी छात्रों से ली गई अतिरिक्त फीस और अवैध वसूली की राशि जल्द वापस की जाए। आंतरिक परीक्षा के नाम पर लिए गए 1,000 रुपये भी लौटाए जाएं। बीएड से जुड़े सभी जरूरी दस्तावेज जैसे मार्कशीट, टीसी और सीसी बिना किसी परेशानी के छात्रों को दिए जाएं। छात्रों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि उनके भविष्य को देखते हुए कॉलेज प्रबंधन पर सख्त कार्रवाई की जाए और उनकी मेहनत की कमाई वापस दिलाई जाए।



### अवैध वसूली नहीं हुई : प्राचार्य

बालाजी कॉलेज की प्राचार्य अंकिता चंद्राकर ने छात्रों द्वारा लगाए गए अवैध वसूली के आरोपों को नकारते हुए कहा कि जब छात्र कॉलेज में पढ़ रहे थे, तब उन्होंने कोई शिकायत नहीं थी। अब किसी के दबाव में आकर वे कॉलेज को बदनाम करने की साजिश की जा रही है। प्रिंसिपल ने कहा है कि अब कॉलेज प्रबंधन शिकायत करने वाले छात्रों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और पुलिस में मामला दर्ज कराने की तैयारी कर रहा है।

### इन छात्रों ने की शिकायत

शिकायत करने वालों में मुख्य रूप से कुलेश्वरी, मोनिका ध्रुव, कौशिल्या ध्रुव, मुकेश्वरी, पूर्वी पांडे, क्षमा साहू, योगिता सोरी, अंजलि, पायल चंद्राकर, वंदना गोयल, मानसी, तुलेश्वरी साहू, तन्मय और सुमीत साहू सहित अन्य छात्र शामिल हैं।

**समस्या : ग्राम पंचायत लालमाटी ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा**

# नल-जल योजना में भ्रष्टाचार और मार्ग परिवर्तित करने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- विकास कार्यों में गड़बड़ी, भेदभाव का ग्रामीणों ने लगाया आरोप, दिया ज्ञापन

जिला मुख्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में मंगलवार को ग्राम पंचायत लालमाटी (डीपापारा) के करीब 40 ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी समस्याओं को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने गांव में चल रहे विकास कार्यों में भारी अनियमितता और भेदभाव का आरोप लगाया ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए पहले शिकायती पत्र के अनुसार, केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना के तहत गांव में पानी की टंकी का निर्माण तो कर दिया गया है, लेकिन इसका लाभ सभी ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार और संबंधित विभाग ने गांव के आधे हिस्से में पाइपलाइन बिछाई ही नहीं है। शिकायत में स्पष्ट कहा गया है कि कागजों पर काम पूरा दिखाकर राशि का आहरण कर लिया गया है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि 40 घरों तक आज भी पानी का कनेक्शन नहीं पहुंचा है। ग्रामीणों ने इसे सीधे तौर पर पैसों का गबन करार दिया है और जिलाधिकारी से मांग की है कि इस पूरे कार्य की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।



### मार्ग परिवर्तन पर गहरा आक्रोश

दूसरी बड़ी शिकायत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को लेकर है। ग्रामीणों ने कार्यपालन अभियंता को संबोधित पत्र में बताया कि शासन द्वारा कटगतराई-छोटेलोरम रोड से लालमाटी टिकरापारा (लालीटिकरा) तक 2.40 किलोमीटर सड़क की स्वीकृति दी गई थी। लालमाटी के डीपापारा निवासियों का आरोप है कि इस सड़क के निर्धारित मार्ग में बदलाव कर इसे बस्ती पारा की तरफ मोड़ा जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, यह उनके साथ अन्याय है और उनके हक को छीना जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि सड़क का निर्माण स्वीकृत नक्शे और योजना के अनुरूप ही किया जाए ताकि इसका लाभ उन लोगों को मिल सके जिनके लिए यह स्वीकृत हुई थी।

### जांच और निराकरण की मांग

जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीण अधोनराम, घासीराम, जोगीराम मुंडा, जयंत चौहान सहित अन्य लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि उनकी इन दोनों समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि एक तरफ वे पीने के पानी के लिए परेशान हैं, तो दूसरी तरफ सड़क जैसी मूलभूत सुविधा में भी भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन की ओर से ज्ञापन स्वीकार कर संबंधित विभागों को जांच के निर्देश दिए गए हैं। अब देखना होगा कि जांच दल कब तक गांव पहुँचता है और ग्रामीणों को उनकी समस्याओं से कब तक राहत मिलती है।

# मूवर्स एंड पैकर्स की आड़ में गांजा तस्करी, मास्टरमाइंड गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने अंतरराज्यीय नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले एक बड़े गिरोह के मुख्य सरगना को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस गिरोह के मास्टरमाइंड अजीत शर्मा, जिसे दीवाना सेठ के नाम से भी जाना जाता है, को गुजरात से पकड़ा है। यह मामला 28 फरवरी को शुरू हुआ था, जब बसना थाना पुलिस ने पलसापाली बैरियर पर चेकिंग के दौरान एक वाहन एपी 15 जेएल 4455 को रोका था। तलाशी लेने पर वाहन के भीतर घरेलू सामान के नीचे छिपाकर रखा गया 274 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से वाहन चालक रोशन यादव को गिरफ्तार किया था। पुलिस की गहन जांच में यह सामने आया कि रायपुर के कबीर नगर में संचालित विश्वास मूवर्स एंड पैकर्स का मालिक अजीत शर्मा इस पूरे अवैध कारोबार का मुख्य संचालक है। वह 'मूवर्स एंड पैकर्स' के व्यवसाय का उपयोग एक कवर के रूप में करता था। आरोपी ओडिशा के सप्लायर राजू महानंद से भारी मात्रा में गांजा खरीदता था। इसके बाद, ग्राहकों के पुराने घरेलू सामान की पैकिंग करते समय उनके नीचे गांजे के पैकेट छिपा दिए जाते थे ताकि पुलिस को शक न हो। इस शातिर तरीके से वह उड़ीसा से राजस्थान तक गांजे की सप्लाई कर रहा था। फरवरी में गांजा पकड़े जाने के बाद से ही अजीत शर्मा फरार था और अपनी पहचान छिपाकर गुजरात में रह रहा था। बसना पुलिस और एएनटीएफ की टीम ने सटीक सूचना के आधार पर गुजरात में घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। अब तक अजीत शर्मा मास्टरमाइंड, निवासी हरियाणा, संचालक विश्वास मूवर्स एंड पैकर्स वर्तमान गिरफ्तारी, रोशन यादव निवासी मध्य प्रदेश 28 फरवरी को गिरफ्तार, राजू महानंद निवासी ओडिशा 12 मार्च को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने आरोपी अजीत शर्मा के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इस कार्रवाई से अंतरराज्यीय तस्करी सिंडीकेट को बड़ा झटका लगा है।



# पत्थर खदान में बड़ा हादसा, टिप्पर पलटने से युवक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के अछोली क्षेत्र में स्थित एक पत्थर खदान में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां पत्थर लोड करते समय एक आयशर टिप्पर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसकी चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, यह खदान नरेंद्र सूर्यवंशी के नाम पर है, जिसे वर्तमान में लालचंद अग्रवाल द्वारा किराए पर लेकर संचालित किया जा रहा है। सोमवार की सुबह जब काम चल रहा था, तभी सौरभ साहू निवासी निसदा का टिप्पर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के बाद खदान स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। जिले में बढ़ते खदान हादसे यह बताने के लिए काफी हैं कि खनिज विभाग और संबंधित अधिकारी अपनी जिम्मेदारी निभाने में असफल साबित हो रहे हैं। यदि समय रहते अवैध और असुरक्षित खदानों पर नकेल नहीं कसी गई, तो आने वाले समय में और भी मासूम जानें जा सकती हैं।

### सुरक्षा नियमों की अनदेखी

खदानों में काम करने वाले श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि श्रमिकों के पास सुरक्षा के पर्याप्त उपकरण नहीं हैं। नियमों के विपरीत खदानों का संचालन किया जा रहा है। श्रमिकों का बीमा और अन्य जरूरी कागजी कार्रवाई पूरी नहीं की गई है।

### लापरवाही पर उठे सवाल

महासमुंद कलेक्टर ने जिले में चल रही अवैध खदानों पर सख्त कार्रवाई करने और उन्हें बंद करने के निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद, खनिज विभाग के अधिकारियों की सुस्ती के कारण धरातल पर इन निर्देशों का पालन नहीं हो रहा है। अधिकारी केवल अपने स्वार्थ तक सीमित हैं। उन्हें श्रमिकों की जान की कोई चिंता नहीं है। कलेक्टर के आदेशों को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है और विभाग अपनी जिम्मेदारी से बच रहा है।

# जंगल में दंतैल हाथी की दस्तक दर्जनभर गांवों में अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वन परिक्षेत्र महासमुंद के अंतर्गत आने वाले वन परिक्षेत्र में एक दंतैल हाथी की मौजूदगी के चलते आसपास के दर्जन भर गांवों में अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही ग्रामीणों को जंगल की ओर न जाने की सख्त सलाह दी है। हाथी की लोकेशन को देखते हुए वन विभाग ने गांवों के ग्रामीणों को विशेष रूप से सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं जिसमें बोरिद, पासिद, और चुहरी, अमलोर, छताल, और मरौद, नादबारू, रायकेरा, और सुकुलबाय, तालाझर और केशलडीह शामिल हैं। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 मई की रात एक दंतैल हाथी वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 174, 173, 136, 135, 126, 127, 131 और 132 से होते हुए आगे बढ़ा और अमलोर से छताल जाने वाली मुख्य सड़क को पार कर लिया है और वर्तमान में वह कक्ष क्रमांक 133, 176 और 175 के जंगलों में विचरण कर रहा है। वन परिक्षेत्र अधिकारी ने ग्रामीणों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए है। ग्रामीण किसी भी स्थिति में लकड़ी या अन्य वनोपज लेने के लिए जंगल के भीतर न जाएं। हाथी दिखने पर उसे छेड़ने या उसके पास जाकर फोटो-वीडियो लेने की कोशिश न करें। यह जानलेवा हो सकता है। यदि हाथी गांव की बस्ती या खेतों के करीब दिखाई दे, तो तुरंत नजदीकी वन कर्मचारी या वन रक्षक को इसकी सूचना दें। वन विभाग की टीम हाथी की गतिविधियों पर लगातार नजर रख रही है ताकि जन-धन की हानि को रोका जा सके। फिलहाल हाथी जंगल के भीतर ही मौजूद है, लेकिन रात के समय इसके रिहायशी इलाकों की ओर बढ़ने की संभावना को देखते हुए मुनादी कराकर लोगों को सावधान किया जा रहा है।




**अग्रसेन धाम**

**SENIOR LIVING HOME**

A PREMIUM OLD AGE HOME



छत्तीसगढ़ राज्य का प्रथम प्रीमियम सीनियर लिविंग कम्युनिटी

1 मई 2026 से रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

12.5 एकड़ भूमि में निर्मित 100 सर्व सुविधायुक्त AC कमरों सहित एक लाख वर्ग फीट भवन सभी धर्म/समुदाय के लोगों के लिए उपलब्ध

उपलब्ध सुविधाएं

• योगा कक्ष • गार्डन • लाइब्रेरी • पूजा घर • डेयरी फॉर्म • शुद्ध सात्विक भोजन • जिम • स्विमिंग पूल • साइकिलिंग ट्रैक • लिफ्ट • जनरेटर (50KW) • इनडोर एवं आउटडोर गेम • Wi Fi कैंपस • डॉक्टर/नर्स (24 Hrs) • एम्बुलेंस / टैक्सी (24x7 on Call)

राजेन्द्र कुमार अग्रवाल (संचालक)
चेयरमैन, अग्रसेन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस
मो. 89595 44444

स्थान- ग्राम - डंगनिया, तह.- गुण्डरदेही, (दुर्ग - बालोद मेन रोड़) (दुर्ग से 17KM)
जिला - बालोद (छ.ग.)





**तत्काल संपर्क करें**

फील्ड कार्य के लिए 12वीं पास 15 युवक-युवतियों के लिए देश के प्रतिष्ठित मीडिया संस्थान से जुड़ने का सुनहरा अवसर....

फील्ड मार्केटिंग, सर्वे, रिपोर्टिंग, सुपरवाईजर, एजेंसी डेवलपमेंट, कैश कलेक्शन, टेलीकॉलिंग सहित अन्य कार्यों के लिए....

**(प्रतिमाह-10000+इंसेंटिव)**

कार्य के समय-8 घंटे

सक्षम युवक-युवतियां (युवतियों को प्राथमिकता) संपूर्ण बायोडाटा, बैंक डिटेल और आधार कार्ड के साथ कार्यालय पहुंचकर संपर्क करें।

-कार्यालय का पता-

**हरिभूमि**

जिला कार्यालय प्रीतम प्राइड कॉम्प्लेक्स, स्वामी चौक-महासमुंद

**मो.नं.99811-31365**

# राष्ट्रीय बागवानी मिशन से गितेश्वर को मिली नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कहते हैं कि अगर किसान बदलते समय के साथ नई तकनीक और नई सोच अपनाए, तो खेती केवल जीविका का साधन नहीं बल्कि समृद्धि का मार्ग भी बन सकती है। महासमुंद विकासखंड के ग्राम फूलवारी (बावनकेरा) के प्रगतिशील कृषक गितेश्वर टंडन ने इस बात को सच साबित कर दिखाया है। एक समय था जब टंडन पारंपरिक धान की खेती करते थे। बढ़ती लागत, मौसम की अनिश्चितता और सीमित लाभ के कारण खेती से अपेक्षित आय नहीं मिल पा रही थी। मेहनत अधिक थी, लेकिन आमदनी सीमित। ऐसे समय में उन्होंने हार मानने के बजाय खेती में नवाचार अपनाने का निर्णय लिया। वर्ष 2025-26 में उन्होंने राष्ट्रीय बागवानी मिशन अंतर्गत पुष्प क्षेत्र विस्तार - गेंदा योजना का लाभ लिया। उद्यानिकी विभाग से पौध सामग्री प्राप्त होने के बाद उन्होंने लगभग 2 एकड़ भूमि में आधुनिक तरीके से गेंदा फूल की खेती शुरू की। यह निर्णय उनके जीवन का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ।

### गेंदा की खुशबू से महका जीवन, आधुनिक खेती से बढ़ी आय


उन्होंने खेती में ड्रिप सिंचाई संयंत्र और यांत्रिकरण तकनीकों का उपयोग किया।

इससे पानी की बचत हुई, मजदूरी लागत कम हुई और सिंचाई कार्य सरल एवं प्रभावी बना। आधुनिक तकनीकों के उपयोग से फसल की गुणवत्ता बेहतर हुई और उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली।आज गितेश्वर टंडन लगभग 50 क्विंटल गेंदा फूल का उत्पादन प्राप्त कर चुके हैं। उनके फूल महासमुंद और रायपुर की मंडियों तक पहुंच रहे हैं, जहां उन्हें बेहतर बाजार मूल्य मिल रहा है। जहां पहले धान की खेती से लगभग 25 हजार रुपए प्रति एकड़ तक लाभ होता था, वहीं अब गेंदा खेती से उन्हें लगभग 64 हजार रुपए प्रति एकड़ तक की आय प्राप्त हो रही है।

श्री टंडन की सफलता केवल आर्थिक उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह नवाचार, मेहनत और सकारात्मक सोच की प्रेरक कहानी भी है। उन्होंने यह साबित किया है कि यदि किसान आधुनिक तकनीकों और शासकीय योजनाओं का सही उपयोग करें, तो खेती को लाभकारी और आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। आज उनके गांव और आसपास के क्षेत्र के अनेक किसान भी गेंदा एवं अन्य उद्यानिकी फसलों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। गितेश्वर टंडन अब क्षेत्र के किसानों के लिए प्रेरणा बन चुके हैं, जिनकी सफलता की खुशबू दूर-दूर तक फैल रही है।

## खबर संक्षेप

### केना में आज समाधान शिविर

**सरायपाली।** छग शासन द्वारा सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज 13 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केना में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के लिए प्रभारी अधिकारी के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी टीकमचंद पटेल, बीआरसी देवानंद नायक, सहायक में जेके पटेल ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, गुलशन चौहान को जिम्मेदारी दी गई है। उक्त शिविर में कुल 18 ग्राम पंचायतें जिसमें भोथलडीह, बैतारी, चट्टीगिरोला, कुटेला, जोगनीपाली, इच्छापुर, केना, देवलभांठा, जलगढ़, माधोपाली, परसदा, खैरझिटकी, दर्राभांठा, पुटका, केजुवां, सानपंधी, बेलमुंडी व अंतरझोला शामिल होंगे।

### खड़े ट्रक से टकराई बाइक, युवक की मौत

**महासमुंद।** नेशनल हाईवे 353 पर भीमखोज बस स्टैंड के पास एक भीषण सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवक की जान चली गई। सड़क के बीचों-बीच बिना किसी इंडिकेटर या सुरक्षा संकेतों के खड़े एक ट्रक से बाइक की टक्कर हो गई। गंभीर रूप से घायल युवक ने इलाज के दौरान रायपुर के डीकेएस अस्पताल में दम तोड़ दिया। खल्लारी पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम चारभाठा (थाना बागबाहरा) निवासी छन्नूलाल नवरंग (18 वर्ष) अपनी पैशन प्रो मोटरसाइकिल सीजी 06 जी 0833 से महासमुंद की ओर जा रहा था। 19 मार्च 2026 की शाम करीब 7 बजे जैसे ही वह भीमखोज बस स्टैंड के पास पहुंचा, वहां बीच सड़क पर ट्रक क्रमांक एमएच 40 वाई 8948 खड़ा था। अंधेरा होने और ट्रक में कोई इंडीकेटर या संकेत नहीं होने के कारण छन्नूलाल का वाहन पीछे से ट्रक से टकरा गया।

रायपुर में इलाज के दौरान हुई मौत

हादसे में छन्नूलाल के सिर और होंठ पर गंभीर चोटें आई थीं। डायल 112 की मदद से उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा ले जाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल महासमुंद और फिर बेहतर इलाज के लिए रायपुर के डीकेएस अस्पताल रेफर किया गया। खल्लारी पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 285 और 106(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## आयोजन : जनपद की बैठक में कार्यों की प्रगति पर हुई चर्चा

# पारदर्शिता, गुणवत्ता और समय पर निर्माण पूरा करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा



जनपद पंचायत बागबाहरा के सभाकक्ष में शुक्रवार को लोक निर्माण स्थायी समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सड़क, भवन तथा अन्य आधारभूत निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, पारदर्शिता और समय-सीमा को लेकर गंभीर चर्चा हुई।

बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर एवं लोक निर्माण स्थायी समिति की सभापति भूमिका रामलाल सिन्हा ने संयुक्त रूप से अध्यक्षता की। इस दौरान समिति के सदस्यगण तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी द्वारा क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने, योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और सभी कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने पर विशेष जोर दिया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी की जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जनपद अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों की गति तेज करना वर्तमान समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केवल कार्यों की संख्या बढ़ाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी गुणवत्ता भी बेहतर होनी चाहिए ताकि आम नागरिकों को योजनाओं का वास्तविक लाभ समय पर मिल सके। वहीं समिति की सभापति भूमिका रामलाल सिन्हा ने कहा कि विकास कार्यों की सतत मॉनिटरिंग से ही योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव है। उन्होंने अधिकारियों से जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने और निर्माण कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने की बात कही। बैठक में समिति सदस्य तुलाराम ठाकुर, मधुलिका गणेश चंद्राकर, राहुल चंद्राकर, भूपेंद्र दीवान, चंद्रकला साहू सहित लोक निर्माण विभाग बागबाहरा के अनुविभागीय अधिकारी नरेश कुमार साहू एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक का समापन क्षेत्र में विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी ढंग से संचालित करने के संकल्प के साथ किया गया।

### लकड़ी चोरी की बात पर मजदूर पर कुल्हाड़ी की बैट से किया हमला

**महासमुंद।** खल्लारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बैहाडीह में एक मजदूर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। खेत के पास रखी जलाऊ लकड़ी ले जाने का विरोध करने पर एक ग्रामीण ने मजदूर को कुल्हाड़ी के बैट से पीट दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी नारायण चक्रधारी ने अपनी जलाऊ लकड़ी इकट्ठा करके खेत के पास रखी थी। आरोप है कि गांव के ही लिकेश साहू ने उस लकड़ी को अपने ट्रैक्टर में भरकर अपने घर ले गया। जब 11 मई की सुबह करीब 9:30 बजे दुर्गा चौक के पास नारायण ने लिकेश से लकड़ी ले जाने का कारण पूछा, तो आरोपी भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी लिकेश साहू ने नारायण के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपी ने टंगिया के बैट से मजदूर पर हमला किया, जिससे उसके बाएं भौंह और दाहिने हाथ की कोहनी में गंभीर चोटें आई हैं। मारपीट के दौरान आरोपी ने नारायण को जान से मारने की धमकी भी दी। मौके पर मौजूद रूपसिंह बरिहा और अन्य ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। पीड़ित नारायण चक्रधारी, जो रोजी-मजदूरी का काम करता है, ने खल्लारी थाने पहुंचकर अपनी रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ उचित धाराओं के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है।

# दवा व्यवसायी 20 मई को बंद रखेंगे कारोबार



**महासमुंद।** दवा व्यवसायियों की राष्ट्रीय संस्था एआईओसीडी विभिन्न लंबित मांगों के समर्थन में 20 मई को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद रखने का आह्वान किया गया है। जिसके तहत जिला दवा विक्रेता संघ द्वारा भी अपना कारोबार बंद रखा जाएगा। संघ ने अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर महासमुंद को ज्ञापन सौंपा है। जिला दवा विक्रेता संघ के सचिव अरशी अनवर ने बताया कि उक्त राष्ट्रीय संगठन देशभर के लगभग 12.40 लाख से अधिक केमिस्ट्स एव औषधि वितरकों का प्रतिनिधित्व करता है। केंद्र एवं राज्य स्तर पर विभिन्न सक्षम प्राधिकरणों के समक्ष बार-बार निवेदन किए जाने के बावजूद औषधि व्यापार एवं जनस्वास्थ्य से संबंधित अनेक गंभीर समस्याएं आज भी लंबित है। परिणामस्वरूप यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक गई है तथा इससे लाखों केमिस्ट्स एवं उनसे जुड़े लगभग 4 से 5 करोड़ आश्रितों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि अवैध ई-फार्मेसी संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध एवं दिनाक 28.08.2018 की अधिसूचना जी. एस आर 817 (ई) की वापसी, बड़े कॉरपोरेट संस्थानों द्वारा अपनाई जा रही प्रिडेटरी मूल्य निर्धारण (हिंसक मूल्य निर्धारण) की नीति पर रोक, 26.03.2020 की अधिसूचना एस आर 220 (ई) की वापसी, अवैध ई- फार्मेसियों की अनियंत्रित वृद्धि तथा बड़े कॉर्पोरिट्स द्वारा अपनाई जा रही प्रिडेटरी मूल्य निर्धारण की प्रवृत्तियां सहित अन्य मांगों को लेकर दवा कारोबार बंद रखा जाएगा।

### नशे में धुत बाइक सवार ने पिता-पुत्र को मारी जोरदार टक्कर, बुजुर्ग की हालत गंभीर

**महासमुंद।** कोमाखान थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। सिवनीकला-केरामुडा रोड पर एक बाइक चालक ने पिता-पुत्र की मोटरसाइकिल को सामने से टक्कर मार दी। इस हादसे में बुजुर्ग पिता के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता देवचंद चौहान के अनुसार, यह घटना 3 मार्च की दोपहर करीब 2बजे की है। वे अपने पिता भारत चौहान के साथ खेत से घर लौट रहे थे। इसी दौरान तालाब के पास सामने से आ रहे बाइक सीजी 06 जीएक्स 7083 के चालक देवेंद्र साहू ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि आरोपी चालक शराब के नशे में धुत था और गलत दिशा से आ रहा था। टक्कर इतनी भीषण थी कि बुजुर्ग भारत चौहान के सिर में गहरी चोट आई। घटना के तुरंत बाद डायल 112 की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उच्च अस्पताल रेफर कर दिया, जिसके बाद उन्हें चंडी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। फिलहाल उनका इलाज जारी है। पीड़ित पक्ष की लिखित शिकायत पर कोमाखान पुलिस ने आरोपी देवेंद्र साहू के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 281 और 125(ए) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस ने मामले को विवेचना में ले लिया है और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के संबंध में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# बरसात पूर्व आंगनबाड़ी और स्कूल भवनों को सुरक्षित बनाने कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

जनपद पंचायत बागबाहरा में बच्चों की सुरक्षा और बेहतर शैक्षणिक वातावरण को ध्यान में रखते हुए जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एकीकृत बाल विकास परियोजना के समस्त पर्यवेक्षक, शिक्षा विभाग के अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी मंडावी, सभापति महिला बाल विकास मधुलिका गणेश चंद्राकर, एवं एसडीओ साधराम कुर्रे, उप अभियंता निर्मल ध्रुव, बाला प्रसाद, सिद्धार्थ त्रिपाठी, महिला बाल विकास से भावना गुप्ता, रमा अग्रवाल, जामिन बरिहा सरोजिनी आदित्य, उपस्थित रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य बरसात के पहले आंगनबाड़ी भवनों एवं स्कूल भवनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा वहां मौजूद मूलभूत सुविधाओं की कमी को दूर करना रहा। इस दौरान सभी ग्राम पंचायतों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों की स्थिति की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बच्चों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधायुक्त वातावरण तैयार करने हेतु गंभीरता से निरीक्षण कर आवश्यक प्रस्ताव तैयार किए जाएं और उन्हें समय पर पारित कराया जाए। बैठक में भवनों की मरम्मत, छतों की सुरक्षा, पानी निकासी व्यवस्था, शौचालय, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए भी अधिकारियों के बीच विचार-विमर्श हुआ तथा टीम वर्क के माध्यम से कार्यों को तेजी से पूरा करने की रणनीति बनाई गई।



जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब उन्हें सुरक्षित और मूलभूत सुविधाओं से युक्त केंद्र उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि बच्चों के हित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि हर माह सामूहिक बैठक आयोजित कर बच्चों के विकास से जुड़ी सुविधाओं की समीक्षा की जाएगी और समस्याओं का समय रहते समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में मौजूद अधिकारियों ने भी निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार शीघ्र कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया।

### सोलर पावर प्लांट में फेंसिंग काटकर घुसे चोर 60 हजार के तांबे के तार और उपकरण पार

**महासमंद।** बागबाहरा विकासखंड के ग्राम साल्हेभांठा स्थित 'विपुल विद्युत प्राइवेट लिमिटेड' के सोलर पावर प्लांट में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर हजारों की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने प्लांट की सुरक्षा घेरे (फेंसिंग) को काटकर भीतर प्रवेश किया और लगभग 60, 000 रुपये कीमत के डीसी वायर, कनेक्टर और पाइप चोरी कर लिए। तेंदूकोना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। प्लांट के साइड इंचार्ज महेश कुमार तारम ने बताया कि चोरी की यह घटना 12 नवंबर की रात से 14 नवंबर के बीच हुई। 13 नवंबर की शाम जब बिजली उत्पादन में अचानक गिरावट दर्ज की गई, तो शुरुआत में इसे मौसम या तकनीकी खराबी माना गया। लेकिन, जब 14 नवंबर की शाम को पीवी वार्ड का मुआयना किया गया, तो वहां सोलर सिस्टम की वायरिंग कटी हुई और क्षतिग्रस्त पाई गई। हैरानी की बात यह है कि 14 नवंबर की रात को जब प्लांट में दो सुरक्षा गार्डों के अलावा तीन अन्य लोगों को तैनात किया गया था, तब भी चोरों ने दूसरे ब्लॉक में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने प्लांट के पीछे की बाउंड्री में लगे फेंसिंग तार को काटकर अंदर प्रवेश किया था। पुलिस को दी गई शिकायत में साइड इंचार्ज ने बताया कि तांबे के डीसी वायर के साथ-साथ भारी मात्रा में एमससी 4 कनेक्टर और कंडयूट पाइप चोरी किए गए हैं। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार चोरी हुए सामानों की सूची इस प्रकार है जिसमें डीसी वायर 3562 मीटर, एमसी 4 कनेक्टर एमए 225 पेयर, कंडयूट पाइप 50 एमए 100 मीटर (क्षतिग्रस्त)। तेंदूकोना पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 331(4) और 305(ए) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# जनगणना 2027 के प्रथम चरण का कार्य प्रगति पर बसना एवं सरायपाली क्षेत्र का किया गया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं भवन गणना का कार्य जिले में 01 से 30 मई तक संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जनगणना कार्य को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने हेतु अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी सचिन भूतड़ा द्वारा जिले के विभिन्न चार्ज क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान ग्रामीण एवं नगरीय बसना तथा सरायपाली क्षेत्रों के सुपरवाइजर्स की बैठक लेकर जनगणना कार्य की समीक्षा की गई। बैठक में उन्होंने सभी सुपरवाइजर्स को निर्देशित किया कि प्रगणकों के माध्यम से सही एवं गुणवत्ता पूर्ण जानकारी संकलित करते हुए कार्य को समय-सीमा में पूर्ण कराया जाए। सभी चार्ज अधिकारियों को 20 मई 2026 तक जनगणना कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर मनोज कुमार महिलांगे, मनोज कुमार खाण्डे सहित संबंधित तहसीलदार एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका एवं नगर पंचायत अधिकारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि जिले में कुल 1992 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक निर्धारित किए गए हैं, जिनमें सभी ब्लॉकों में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। अब तक 355 हाउस लिस्टिंग ब्लॉकों का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों में पिथौरा तहसील चार्ज के 187 हाउस लिस्टिंग ब्लॉकों का कार्य सर्वाधिक पूर्ण हुआ है। वहीं नगरीय क्षेत्र में पिथौरा नगर पंचायत के 15 में से 14 हाउस लिस्टिंग ब्लॉकों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

### शादी कार्ड बांटने जा रहे बुजुर्ग को पिकअप ने मारी टक्कर, मौत

**महासमुंद।** जिले में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। शादी का कार्ड बांटने निकले एक 65 वर्षीय बुजुर्ग को तेज रफ्तार पिकअप ने सामने से टक्कर मार दी। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग की मेकाहारा में इलाज के दौरान मौत हो गई। पटेवा पुलिस ने आरोपी पिकअप चालक के खिलाफ 11 मई को मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम पाली (थाना खल्लारी) निवासी विष्णु दीवान (65 वर्ष) अपनी मोटरसाइकिल सीजी 06 जीजे 7771 पर सवार होकर ग्राम तुरेंगा जा रहे थे। वह अपने किसी रिश्तेदार की शादी का निमंत्रण कार्ड बांटने निकले थे। इसी दौरान रायतुम मोड़ के पास स्थित बजरंग बली मंदिर के समीप तुरेंगा की ओर से आ रही पिकअप सीजी 07 सीएल 1853 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बुजुर्ग की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि घटना 28 जनवरी की है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि विष्णु दीवान के हाथ, पैर और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। उन्हें तत्काल उपचार के लिए रायपुर स्थित मेकाहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शी गवाहों के कथन और मेडिकल कॉलेज रायपुर की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी यह स्पष्ट किया गया है कि बुजुर्ग की मृत्यु दुर्घटना में आई गंभीर चोटों की वजह से हुई है। थाना पटेवा में पदस्थ प्रधान आरक्षक ने मामले की विस्तृत मर्ग जांच की। गवाहों के बयान और साक्ष्यों के आधार पर पिकअप चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाना पाया गया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 106(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

### ईको वाहन की टक्कर से बाइक में सवार दो लोगों की मौत

**महासमुंद।** बागबाहरा में एक तेज रफ्तार ईको वाहन ने बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। इस दर्दनाक हादसे में बाइक सवार दो लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 106(1) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, घटना 17 मार्च की है। ग्राम अवरई (बलौदाबाजार) निवासी गंगाराम यादव (75 वर्ष) और मोहन यादव मोटर सायकल सीजी 04 पीजेड 2353 पर सवार होकर बागबाहरा की ओर जा रहे थे। सुबह करीब 8:30 से 9 बजे के बीच एनएच-353 स्थित सब्जी मंडी के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार ईको वाहन सीजी 06 जीएस 3853 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों और राहगीरों की मदद से उन्हें तत्काल 108 एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल महासमुंद ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने मोहन यादव को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल गंगाराम यादव को बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां कुछ समय बाद उन्होंने भी दम तोड़ दिया। थाना बागबाहरा के प्रधान आरक्षक रणबीर सिंह दीवान ने मामले की विस्तृत जांच की। प्रत्यक्षदर्शियों और चश्मदीद गवाहों के बयान दर्ज करने के बाद यह पाया गया कि ईको वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाकर एक्सीडेंट किया था। पुलिस ने मर्ग क्रमांक 21/2026 की जांच के बाद आरोपी चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। मृतक गंगाराम यादव बलौदाबाजार जिले के कसडोल तहसील के रहने वाले थे।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश गाड़ा समाज के ब्लॉक पदाधिकारियों ने दिया सामूहिक इस्तीफा, नया संगठन बनाने के लिए समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

छत्तीसगढ़ प्रदेश गांड़ा समाज ब्लॉक कार्यकारिणी सरायपाली की सामुदायिक भवन में एक आवश्यक बैठक रखी गई, जिसमें कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया है। सदस्यों के द्वारा समाज के जिलाध्यक्ष को इस आशय की सूचना भी दे दी गई है। इसके अलावा फुलझर राज गांड़ा समाज का एक नया संगठन बनाने के लिए एक संचालन समिति का भी गठन किया गया है। समाज के अध्यक्ष जगदीश चौहान ने बताया कि समस्त पदाधिकारीगण छत्तीसगढ़ प्रदेश गांड़ा समाज के संगठन से जुड़े हुए थे, परंतु अनेक विषयों को लेकर मतांतर होने के कारण सभी पदाधिकारियों ने संगठन से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा देने वालों में अध्यक्ष सहित संरक्षक पंचराम चौहान, कोषाध्यक्ष सुंदरलाल चौहान, संगठन मंत्री देवेंद्र मुन्ना, उपाध्यक्ष नूराधन सुरजाल, मोतीलाल चौहान व



अनंतराम चौहान, परि. अध्यक्ष टिकेलाल बित्रा व विष्णु तांडी, परि. संरक्षक राजकुमार बिस्त्रा, परि. उपाध्यक्ष केशव दीप, परि. अध्यक्ष तेजराम नंद व ब्लॉक सदस्यगण सरायपाली शामिल हैं। चौहान ने आगे बताया कि बैठक के दौरान फुलझर राज का एक संगठन बनाने का विचार किया गया, जिसके लिए सामान्य कार्यवाहक सदस्यों की समिति बनाने का निर्णय लिया गया, ताकि समाज को सही व एक नई दिशा मिल सके। साथ ही समिति के संचालन हेतु सदस्यों का चयन किया गया, जिसमें सरायपाली से पंचराम चौहान, नूराधन सुरजाल, राजकुमार बिसरा, सुंदरलाल, देवेंद्र मुन्ना, विष्णु चौहान, प्रदीप कुमार छत्रे व जयसिंह चौहान, पिथौरा से चंपतलाल चौहान एवं बसना से रामप्रसाद चौहान व पुनीतराम चौहान को लिया गया है। उपरोक्त सदस्यों सहित समस्त लोगों की एक बैठक आगामी 17 मई को सामाजिक भवन वीरेंद्र नगर सरायपाली में रखी गई है।

## खबर संक्षेप

### 1 जुलाई से लागू होगी नई ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका व्यवस्था

**महासमुंद।** केंद्र सरकार ने ग्रामीण विकास और रोजगार के क्षेत्र में बदलाव करते हुए विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम 2025 को 1 जुलाई 2026 से देशभर के ग्रामीण इलाकों में लागू करने की घोषणा की है। इस नई व्यवस्था के लागू होते ही मनरेगा योजना की जगह नया कानून प्रभावी हो जाएगा। नई योजना का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को केवल मजदूरी आधारित रोजगार उपलब्ध कराना नहीं बल्कि गांवों में स्थायी विकास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। इसके तहत जल संरक्षण ग्रामीण आधारभूत संरचना आजीविका संवर्धन जलवायु अनुकूल कार्य और स्थानीय संसाधनों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने बताया कि नई व्यवस्था में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को साल में 125 दिनों तक रोजगार की गारंटी मिलेगी जो पहले 100 दिनों तक सीमित थी। रोजगार के लिए आवेदन ग्राम पंचायतों के माध्यम से किया जाएगा और 15 दिनों के भीतर काम उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय में रोजगार नहीं मिलने पर पात्र परिवारों को बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान भी किया गया है। मजदूरी भुगतान प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए राशि सीधे श्रमिकों के बैंक या डाकघर खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। भुगतान में 15 दिनों से अधिक देरी होने पर श्रमिकों को क्षतिपूर्ति राशि भी प्रदान की जाएगी। योजना के तहत जल संरक्षण संरचनाएं, आंगनबाड़ी भवन, पशुपालन एवं मत्स्य पालन से जुड़े कार्य, कौशल विकास केंद्र, बाढ़ नियंत्रण, आपदा प्रबंधन और अन्य ग्रामीण अधोसंरचना निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। ग्राम पंचायतों की भूमिका को मजबूत करते हुए विकसित ग्राम पंचायत योजना के जरिए ग्राम सभाओं की भागीदारी से स्थानीय जरूरतों के अनुरूप विकास कार्य तय किए जाएंगे।

# तारुण्य वार्ता 'हैशटैग पीरियड्स पर खुलकर' अभियान का हुआ आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन के अंतर्गत ₹तारुण्य वार्ता हैशटैग पीरियड्स पर खुलकर₹ अभियान के साथ ही दो दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

यूनिसेफ और भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में इसका आयोजन हो रहा है। रायपुर स्थित श्रीबालाजी विद्या मंदिर में मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण प्राप्त करने राज्य के सभी जिलों से तीन- तीन की संख्या में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला संगठन आयुक्त एवं लीडर्स जुटे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि की आसंदी से छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डा. वर्णिका शर्मा ने कहा कि मासिक धर्म पर चुप्पी नहीं, जागरूकता और संवाद की आवश्यकता है। हर बेटी को सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक माहवारी प्रबंधन का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने यूनिसेफ और भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा प्रारंभ किए गए अभियान की प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा ने कहा कि यूनिसेफ के साथ शुरू की गई मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन की इस मुहिम को पूरे छत्तीसगढ़ में हर वर्ग तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 28 मई को अभियान का समापन मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में होगा।



यूनिसेफ की छत्तीसगढ़ हेड सीमा कुमार ने कहा कि यह गर्व की बात है कि आज हम लड़कियों की गरिमा, समानता और स्वास्थ्य सुरक्षा का अभियान शुरू कर रहे हैं। यह बालिकाओं के सशक्तिकरण का भी अभियान है। उन्होंने कहा कि यह अभियान माहवारी के मिथकों और अनावश्यक पाबंदियों को तोड़ने का काम करेगा। यह अभियान लड़कियों तक ही सीमित नहीं रहेगा, यह लड़कों को भी माहवारी के प्रति जागरूक करेगा और उनकी समझ को बढ़ाएगा तथा झिझक को दूर करेगा। सीमा कुमार ने मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन जैसे विषय को स्कूलों के पीटीएम के माध्यम से अभिभावकों तक पहुंचाने की मांग रखी।

यूनिसेफ के व्यवहार परिवर्तन स्पेशलिस्ट अभिषेक सिंह ने अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस अभियान से माहवारी को लेकर किशोरों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता में वृद्धि होगी। मासिक धर्म स्वच्छता व्यवहार में सुधार आएगा और इस विषय पर बात करने की झिझक दूर होगी तथा भ्रांतियों में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि यह अभियान बालिकाओं के सशक्तिकरण पर भी जोर देगा। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान यूनिसेफ की बाल संरक्षण विशेषज्ञ चेतना देसाई, वाश स्पेशलिस्ट श्वेता पटनायक, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राष्ट्रीय मुख्यालय आयुक्त स्वामी, रेड क्रास सोसायटी के उपाध्यक्ष रूपेश पाणिग्रही, राज्य मुख्यालय आयुक्त रविश गुप्ता, स्टेट कोऑडिनेटर मेंबरशिप ग्रोथ मोहम्मद सादिक शेख भी मंचासीन रहे। शुभारंभ कार्यक्रम का संचालन राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) पूनम सिंह साहू ने किया तथा आभार राज्य संयुक्त सचिव बीना यादव द्वारा जताया गया। पहले दिवस का प्रशिक्षण यूनिसेफ के एसबीसी कंसलटेंट अभिषेक त्रिपाठी, वाश ऑफिसर बिरजा कबी सतपथी, आशिष कुमार द्वारा प्रदान किया गया। दो दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का संयोजन दिलीप पटेल द्वारा किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) सरिता पांडेय, राज्य संगठन आयुक्त द्वय अमित क्षत्रिय, जलवती साहू सहित अन्य की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा ने मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन का संकल्प भी दिलाया। अतिथियों द्वारा पोस्टर का विमोचन भी किया गया।

## समस्या : बसना में भीषण जल संकट, आप ने सौंपा ज्ञापन

# आप कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गहराते जल संकट को लेकर आप कार्यकर्ताओं ने अनुविभागीय अधिकारी, बसना कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन सौंपा और समस्या के त्वरित निराकरण का आग्रह किया।

आम आदमी पार्टी यूथ विंग के जिला अध्यक्ष खिरोद पटेल और विधानसभा प्रभारी भुनेश्वर साहू के नेतृत्व में घेराव पश्चात सौंपे गए ज्ञापन में जिलाध्यक्ष पटेल ने कहा, बसना विधानसभा के ग्राम नरसिंहपुर में पेयजल की स्थिति बेहद दयनीय है। ग्रामीणों को पीने का पानी तो दूर, नहाने तक के लिए तालाब में शुद्ध जल उपलब्ध नहीं है।

पेयजय जल संकट को लेकर आप कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड से मटका पकड़ कर नारेबाजी करते हुए बसना एसडीएम कार्यालय के सामने मटका फोड़ कर अपना आक्रोश दर्ज कराते हुए अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर पैकरा को कलेक्टर के नाम से ज्ञापन सौंपा और चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को तेज करते हुए महासमुंद कलेक्टर का घेराव किया जाएगा जिसके लिए शासन प्रशासन जिम्मेदार होगा।




**प्रदर्शन में रहे मौजूद**

प्रदर्शन में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के मिलासिनी सिंह, बसना ब्लॉक अध्यक्ष हेमसागर प्रधान, जिला उपाध्यक्ष गोपाल दास वैष्णव, बसना पार्षद इरफान इल्लू, माधव सोना, जगतु बंजारा, संजय सोना, सुदीन सोना, सुखचैन सोना, जितेंद्र कुमार, सब लाल पटेल, जरीन खान, स्वर्णलता नंद, अंजना नंद, माधुरी नंद, सीतू सोना, बसंती नंद, महिमानंद, सारिका सोना, सुष्मिता सोना, मुस्कान नंद, शोभा सोना, फ्रांसिस, एमडी सागर, महेश कर्ष, रत्थू कोडाकू सहित बड़ी संख्या में आप कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नरसिंहपुर के ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच और सचिव द्वारा जल आपूर्ति के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। ऐसे में करें तो क्या करें। शासन ने हर गांव-शहर में पानी टंकी तो बनवा दी, लेकिन उनमें पानी की व्यवस्था नहीं है, ये पानी की टंकियां सफेद हाथी प्रतीत हो रहे है। बसना विधानसभा प्रभारी भुनेश्वर साहू ने बताया कि नगर सहित कई ग्रामों और वार्डों में भीषण पेयजल संकट से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लगातार गिरते भूजल स्तर के कारण नल-जल योजना ठप है और हैंडपंप भी खराब हैं। सह प्रभारी जयप्रकाश मिश्रा ने स्थिति को गंभीर बताते हुए कहा, लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। नगर पंचायत एवं जनपद प्रशासन शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में पूरी तरह नाकाम है। गंदे पानी के उपयोग से बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है, लोग मजबूरी में दूषित जल पी रहे हैं।

# किसान कांग्रेस में नई नियुक्तियां, कई पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अखिल भारतीय किसान कांग्रेस संगठन के विस्तार एवं मजबूती को लेकर विभिन्न पदों पर नई नियुक्तियां की गई हैं। अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंग खैरा की सहमति एवं राष्ट्रीय प्रभारी किसान कांग्रेस अखिलेश शुक्ला के मार्गदर्शन में प्रभारी महासचिव सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बेध, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत सहित प्रदेश एवं संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों की अनुशंसा पर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मानिक साहू द्वारा नियुक्ति आदेश जारी किया गया।



जारी सूची के अनुसार सौरभ (हनी) चंद्राकर को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं उपाध्यक्ष पद पर डागा साहू, केशव चौधरी, राधेलाल सिन्हा, राजू दीवान, समारु घृतलहरे, पूनम चंद्राकर, परमानंद साहू, गंगाप्रसाद तारक, शिव पटेल, गजेंद्र साहू, मंगलू वीसी एवं लाला मांझी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। महामंत्री पद पर दिलीप यादव, बाबूलाल पांडेय, भुवनेश्वर साहू, प्रभात पटेल, शैलेन्द्र सेन, रोशन साहू, एवन यादव, भूषण पटेल, रमेश चौधरी, संजय प्रधान, विनोद दीवान, गौतम सिन्हा एवं रुखमनी यादव को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार सचिव पद पर जीवन यादव, अशोक ध्रुव, भगवती भोई, संतोष साहू, राहुल चंद्राकर, छबिलाल लहरे, संतोष निषाद, बिहारी पटेल, दीपक चंद्राकर, मोहन सिन्हा, राजेश साहू एवं संतोष चंद्राकर को जिम्मेदारी दी गई है।

कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अभय कुंभकार, योगेंद्र पटेल, खगेश्वर पटेल, गोविंद पटेल, जितेंद्र चंद्राकर, भीखम चंद्राकर, ऋषि चौधरी, दीपक दीवान, रेवतीरमन, जय मालेकर, सुनील चंद्राकर, राजकिशोर निषाद, दीपक सिन्हा, रेखलाल चंद्राकर, हीरालाल प्रधान, सतीश चौहान, कन्हैया चौधरी, गोपी कनौजे, रेवा चंद्राकर, शीतल साहू, प्रेम साहू एवं महेंद्र साहू को शामिल किया गया है। वहीं मीडिया प्रभारी के रूप में देवेंद्र चक्रधारी, पुष्कर साहू, चंद्रेश साहू एवं देवसिंह चक्रधारी को नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किसान हितों के लिए सक्रियता से कार्य करने का भरोसा दिलाया है।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर इंटैक ने किया आयोजन




**महासमुंद।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 11 मई को गंधेश्वर महादेव मंदिर सिरपुर में संपन्न हुआ। जिसमें भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटैक महासमुंद अध्याय के वरिष्ठ सदस्य व पत्रकार शशि शर्मा,संयोजक दाऊलाल चंद्राकर व सह संयोजक बंधु राजेश्वर खरे शामिल हुए। संयोजक दाऊलाल चंद्राकर ने बताया कि इंटैक राष्ट्रीय महत्व की विरासत, भारतीय विरासत,निर्मित विरासत, जीवंत विरासत, आधुनिक विरासत, सांस्कृतिक परिदृश्य, स्थानीय वास्तुकला संरक्षण व संवर्धन के उद्देश्य को लेकर कार्यरत है। इन्ही उद्देश्यों को लेकर इंटैक स्वयं आयोजन करता है और अन्य संस्थाओं द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा भी लेता है। गंधेश्वर मंदिर प्रांगण सिरपुर में संपन्न सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में आस्था, आराधना व विरासत का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## अधिवक्ता एवं नोटरी लिंकन जान कुरिल को जिला न्यायालय में दी श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** जिला न्यायालय के अधिवक्ता एवं नोटरी स्वर्गीय लिंकन जान कुरिल का 11 मई को उपचार के दौरान निधन हो गया। वे 54 वर्ष के थे। उनके निधन से जिला न्यायालय परिसर सहित अधिवक्ता संघ एवं न्यायालय परिवार में शोक की लहर व्याप्त है।प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग एक माह पूर्व कुरिल एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिसके बाद उनका विभिन्न अस्पतालों में लगातार उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान ही सोमवार रात्रि उनका निधन हो गया। स्वर्गीय लिंकन जान कुरिल अपने सरल, सौम्य एवं मिलनसार व्यक्तित्व के लिए अधिवक्ता समाज में विशेष पहचान रखते थे। वे लंबे समय से अधिवक्ता एवं नोटरी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे तथा न्यायालय परिवार के बीच सम्मानित स्थान रखते थे। उनके निधन पर जिला न्यायालय महासमुंद स्थित अधिवक्ता कक्ष क्रमांक 1 में शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में न्यायालय परिवार, अधिवक्तागण एवं न्यायालय कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे तथा दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आयोजित शोकसभा में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया तथा जिला अधिवक्ता संघ के सचिव संदीप कुमार साहू ने संबोधित करते हुए स्वर्गीय कुरिल के व्यक्तित्व एवं न्यायिक कार्यों के प्रति उनके समर्पण को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय लिंकन जान कुरिल न्यायालय परिवार के एक सम्मानित, सहयोगी एवं विनम्र सदस्य थे, जिनकी कमी सदैव महसूस की जाएगी। शोकसभा के अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की गईं।



# सुशासन तिहार में विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए सृष्टि ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पंचायत सदस्य सृष्टि चंद्राकर ने ग्राम अछोला शासन द्वारा ग्राम अछोला में आयोजित सुशासन तिहार के तहत शिविर में क्षेत्र के व्याप्त विभिन्न समस्याओं, मांगों व शिकायतों से संबंधित आवेदन सौंपकर तत्काल निराकरण की मांग की है। सृष्टि ने सुशासन तिहार में महतारी वंदन योजना के तहत कराए जा रहे ई-केवायसी प्रक्रिया को महिलाओं के लिए परेशानी का सबब बताते हुए कहा कि हितग्राहियों के लिए महतारी वंदन योजना का एप बनाया जाए, जिससे केवायसी अपडेट सहित भुगतान तिथि आदि का उल्लेख हो। उन्होंने कहा कि बैंक में आधार लिंक होने के बाद ही शासन द्वारा डीबीटी के माध्यम से हितग्राही महिलाओं को राशि भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया निःशुल्क है, उसके बाद भी हितग्राहियों से 50 से 100 रु. लिए जा रहे हैं। जीरामजी योजना के तहत कार्यों में 6 माह की देरी, ग्रामीण परिवारों को 125 दिवस की रोजगार से वंचित किए जाने जैसा कृत्य है। लगभग 6 माह बीत जाने के बाद भी महासमुंद जिले में एक भी कार्य ₹जी-राम-जी₹ योजना के अंतर्गत प्रारंभ नहीं हुआ है। वहीं, सुशासन तिहार में चंद्राकर ने अछोली मल्टी विलेज स्कीम में भारी अनियमितता, कार्य में ढाई वर्ष की देरी संबंधी ज्ञापन सौंपा है। चंद्राकर ने भोरिंग-अछोली एवं संबंधित मार्गों की मरम्मत की मांग, क्षेत्र मंस बरसात पूर्व विद्युत व्यवस्था में सुधार, जर्जर पोलों की मरम्मत, अतिरिक्त ट्रांसफार्मर उपलब्धता एवं उपभोक्ता शिकायत व्यवस्था सुचारू करने की मांग ज्ञापन सौंपकर की है।



# विकसित कृषि संकल्प अभियान, शिविर एवं किसान रथ के माध्यम से किसानों को किया जा रहा प्रोत्साहित एवं जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संचालनालय कृषि रायपुर से प्राप्त निर्देश के परिपालन में जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन 20 मई तक किया जा रहा है। इसी कड़ी में महासमुंद जिले में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में कृषि विभाग द्वारा सभी विकासखंडों में 24-24 पंचायतों का चिन्हांकन कर शिविर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

उप संचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि शिविर में कृषि विभाग एवं अन्य समवर्गीय विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर एवं किसान रथ के माध्यम से विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। शिविर हेतु ऐसे ग्रामों का चयन किया गया है जहां पर सुशासन तिहार शिविरों का भी आयोजन किया जा रहा है, 11 मई को विकासखंड महासमुंद के ग्राम अछोला एवं नांदगाव में विकसित कृषि संकल्प अभियान शिविर आयोजित किया गया। ग्राम अछोला में सुशासन शिविर एवं विकसित कृषि संकल्प अभियान के आयोजन में बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहें एवं नांदगांव में भी किसानों के मध्य विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर शिविर का आयोजन किया गया। इसी तरह विकासखंड बागबाहरा के ग्राम पतेरापाली, कन्हारपुरी एवं विकासखंड पिथौरा के बरेकेल खुर्द व डूमरपाली, विकासखंड बसना के ग्राम तिलाईदादर एवं कुसमुर तथा सरायपाली के जंगलबेड़ा एवं बलौदा में विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें सभी शिविरों में लगभग 1680 किसानों की उपस्थिति रही। शिविर में उपस्थित किसानों को विभागीय योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

साथ ही कृषि वैज्ञानिकों द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड में फसलवार अनुशंसित मात्रा अनुसार संतुलित उर्वरक के उपयोग के लिए किसानों को जागरूक एवं प्रोत्साहित किया गया एवं किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग प्रोत्साहन हेतु वैज्ञानिक अनुशंसा के आधार पर ई-उर्वरक (टोकन प्रणाली) आधारित उर्वरक वितरण व्यवस्था के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके अलावा डी.ए.पी. के विकल्प के रूप में अन्य रासायनिक उर्वरक जैसे – 12:32:16, 20:20:13 एवं एसएसपी के उपयोग के संबंध में कृषकों को बताया गया। साथ ही बताया गया कि हरी खाद, जैव उर्वरक, नील हरित काई, केंचुआ खाद आदि के उपयोग से भूमि की दशा में सुधार और उत्पादकता में वृद्धि होती है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत छूटे हुए कृषकों का फार्मर आईडी स्थल में ही बनाया गया एवं नवीन कृषकों का केसीसी भी शिविर स्थल में बनाकर वितरण किया गया।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं, 62 आवेदन मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिले के जनसामान्य की समस्याएं सुनी। कलेक्टर लंगेह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। उन्होंने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में कुल 62 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में ग्राम परसकोल महासमुंद निवासी कुमारी बाई ने सीमांकन के लिए आवेदन किया। इसी तरह ग्राम अछरीडीह के बृजराखन साहू ने भूमिहीन कृषि मजदूर सहायता योजना में अपात्र घोषित होने के संबंध में, ग्राम बेमचा के बुद्धा यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने हेतु, बेमचा की प्रभा निषाद ने संजीवनी कोष से इलाज हेतु, ग्राम लालमाटी पिथौरा निवासी प्रेमबाई मुंडा ने नया राशन कार्ड बनवाने के लिए तथा ग्राम ठाकुरदिया पिथौरा के लालचंदन पटेल ने मनरेगा कार्य में अनियमितता के संबंध में आवेदन किया। इसके अलावा अवैध अतिक्रमण, लम्बित राशि भुगतान एवं अन्य आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सामाजिक सुरक्षा, सुखद सहारा एवं मुख्यमंत्री पेंशन योजना के हितग्राहियों को पेंशन राशि का भुगतान

**महासमुंद।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं लेकर उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह ने बताया कि राज्य द्वारा संचालित पेंशन योजना के तहत कुल 53,561 हितग्राहियों को राशि का भुगतान किया गया है।

जिसमें सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत 24,253 हितग्राहियों, सुखद सहारा योजना में 9,076 एवं मुख्यमंत्री पेंशन योजना अंतर्गत 20,232 हितग्राहियों को माह अप्रैल 2026 तक की पेंशन राशि का भुगतान किया जा चुका है।

उप संचालक समाज कल्याण ने इसे लेकर आगे बताया कि भारत सरकार द्वारा नवीन एसएनए स्पर्श प्रक्रिया को क्रियान्वित किए जाने के फलस्वरूप इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन व इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन का दिसंबर 2025 से तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना का माह अक्टूबर 2025 से पेंशन राशि के भुगतान में विलम्ब की स्थिति निर्मित हुई थी।

वर्तमान में केंद्र संचालित योजना अंतर्गत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन में 32,052, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन में 9,469 एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन में 945 हितग्राहियों को माह अप्रैल 2026 तक की पेंशन राशि का भुगतान करने के लिए जिले से डाटा कंप्यूट कर संचालनालय को प्रेषित किया गया है।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कक्षा पहली में प्रवेश हेतु लॉटरी के दिनांक में संशोधन

**महासमुंद।** नगर के तुमाडबरी स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल में शैक्षणिक सत्र-2026 -27 के लिए कक्षा- पहली में प्रवेश हेतु छग लोक शिक्षण संचालनालय के आदेश अनुसार कक्षा पहली में प्रवेश हेतु नई समय सारणी जारी की गई है। अभिभावक 9 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर पाएंगे और कक्षा पहली में प्रवेश के लिए 13 मई को लॉटरी निकाली जाएगी। संबंधित जानकारी संस्था के प्राचार्य अमी रूफस के द्वारा दी गई।

### एनएचएम कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक मनाया डॉ महेश्वरी का जन्मदिन

**महासमुंद।** शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह जिला चिकित्सालय में उपसंचालक एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. बी. महेश्वरी का जन्मदिन मनाया गया। अस्पताल परिसर में आयोजित इस संक्षिप्त कार्यक्रम में कर्मचारियों ने कहा डॉ. महेश्वरी के कुशल नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और टीम वर्क में निरंतर वृद्धि हो रही है। डॉ. बसंत महेश्वरी ने सभी को सेवा भाव के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान डॉ निखिल गिरी गोस्वामी, राम गोपाल खूंटे, प्रवीण नागदेव, सुमन साहू व सहयोगी उपस्थित रहे।

### नपा एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन कार्यक्रम जारी

**महासमुंद।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम व उप निर्वाचन मई 2026 हेतु समय-अनुसूची (कार्यक्रम) जारी किया गया है। जिसके तहत जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत हेतु 11 मई 2026 पूर्वान्ह 10.30 बजे निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन एवं स्थानों (सीटों) के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन किया गया। साथ ही रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा मतदान केंद्रों की सूची का प्रकाशन एवं नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया गया। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 18 मई 2026 को अपरान्ह 3 बजे तक है। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 19 मई 2026 को पूर्वान्ह 10.30 बजे से की जाएगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 21 जून 2026 अपरान्ह 3 बजे तक है तथा अभ्यर्थिता वापसी के बाद रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना, प्रकाशन करना और निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन किया जाएगा। नगरीय निकाय हेतु 1 जून 2026 को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक आवश्यकता होने पर मतदान किया जाएगा। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा 4 जून 2026 को सुबह 9 बजे से मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा किया जाएगा। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन अंतर्गत 1 जून 2026 को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आवश्यकता होने पर मतदान किया जाएगा तथा मतदान के पश्चात मतदान केंद्र पर की जाने वाली मतगणना की जाएगी। आवश्यकता होने पर खंड मुख्यालय पर की जाने वाली मतगणना 2 जून 2026 को सुबह 9 बजे से की जाएगी। पंच, सरपंच, जनपद पंचायत के मामले में खंड स्तर पर सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा 4 जून 2026 को सुबह 9 बजे से की जाएगी।

# ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को आगे लाने में ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका : उषा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

ग्राम सपोस स्थित गुरु घासीदास स्टेडियम ग़बोद में आयोजित प्रदेश स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ जनपद पंचायत अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम घृतलहरे के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल ने की। इस अवसर पर भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी, जनपद सभापति कवलजीत छाबड़ा, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम घृतलहरे, सरपंच किशोर बघेल एवं बसना विधायक के निज सहायक नरेंद्र बोरे विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर पूजन-अर्चन के साथ प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया।

मुख्य अतिथि उषा पुरुषोत्तम घृतलहरे ने अपने संबोधन में कहा कि सपोस गांव सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए हमेशा से अपनी अलग पहचान रखता है। अब प्रदेश स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन भी गांव की नई पहचान बनता जा रहा है। उन्होंने आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को आगे लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, जिससे ग्रामीण खिलाड़ियों की खेलों



में सहभागिता लगातार बढ़ रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए खेल अत्यंत आवश्यक है और प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में खेल गतिविधियों को शामिल करना चाहिए। विशेष अतिथि भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने कहा कि सपोस का यह मैदान वर्षों से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करता आ रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह प्रतियोगिता ग्रामीण खिलाड़ियों के लिए बेहतर मंच साबित होगी।

जनपद सदस्य पुरुषोत्तम घृतलहरे ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धा के दौर में इस प्रकार के आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में स्वागत भाषण सरपंच किशोर बघेल ने दिया, जबकि संचालन विजय बघेल ने किया। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों एवं दर्शकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस दौरान हरिचरण प्रधान, गुलापी धुबई साहू, संतोष ठाकुर, अश्वनी विशाल, बबीता बघेल, पूजा सिंह ठाकुर, नरोत्तम साहू, पुनीत टंडन, मनोहर दीवान, विकास बघेल, त्रिलोक ठाकुर, जीवन लाल दाता, रवि बंजारा, सुबई साहू, ताम्रध्वज साहू, कमल रात्रे, छगन बेनर्जी, मोतीलाल ध्रुव, दुलमानी यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## मीटिंग : समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश

# खाद का वितरण पॉस मशीन के माध्यम से ही किए जाएं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- पीएम किसान सम्मान निधि अंतर्गत शेष पात्र किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन कराने के दिए निर्देश
- सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने धान उठाव कार्य में तेजी लाते हुए शत-प्रतिशत धान उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि अभी लगभग 8500 मीट्रिक टन धान का उठाव शेष है। कलेक्टर ने धान उठाव के लिए शेष 54 समितियों का भौतिक सत्यापन शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), विभागीय जिलाधिकारी, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने कृषि विभाग को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के हितग्राहियों के लिए एग्रीस्टेक पंजीयन कार्य में तेजी लाने को कहा। उन्होंने संयुक्त किसानों एवं शेष पात्र किसानों का भी एग्रीस्टेक पंजीयन कराने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को योजना का लाभ समय पर मिल सके। विकसित कृषि संकल्प यात्रा के दौरान ऐसे किसानों को अधिक से अधिक पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक में खाद की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि आगामी खरीफ सीजन में किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जाए तथा पीओएस मशीन के माध्यम से ही खाद वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने खाद की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिले में वर्तमान में 13 हजार 673 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है। विभाग को डीएपी के विकल्पों की जानकारी किसानों तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए गए। सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि अब तक आयोजित 11 शिविरों में 7 हजार 780 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 2 हजार 215 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। शेष आवेदनों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने प्रत्येक विभाग को प्राप्त आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की।




### लंबित प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में हो

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वर्ष 2024, 2025 एवं 2026 के आवासों के निर्माण को तत्काल प्रारंभ कराने के निर्देश भी बैठक में दिए गए। जिन हितग्राहियों ने आवास प्रारंभ नहीं किए हैं, उन्हें पुनः समझाईश देते हुए अंतिम अवसर दिया जाएगा। तत्पश्चात आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा जल संचयन जनभागीदारी कार्यक्रम अंतर्गत अधिक से अधिक जल संरचनाओं का निर्माण करने के निर्देश दिए है। अभी तक 57 हजार 335 विभिन्न संरचनाओं का निर्माण किया गया है। इससे संबंधित विभागों को भी अपने लक्ष्य पूर्ण करने कहा गया है। कलेक्टर ने राजस्व विभाग अंतर्गत विवादित एवं अविवादित प्रकरणों तथा स्वामित्व योजना की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में आगामी शिक्षा सत्र में परीक्षा परिणामों में सुधार लाने पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक में मुख्यमंत्री घोषणाओं, जनशिकायत, कलेक्टर जनदर्शन, पीजी पोर्टल एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

## सुशासन तिहार केवल दिखावा, जनता की समस्याओं से सरकार बेखबर : द्वारिकाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

“सुशासन तिहार” को लेकर खल्लारी विधायक व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि प्रदेश में सुशासन का दावा करने वाली सरकार जमीनी स्तर पर पूरी तरह विफल साबित हो रही है। आम जनता बिजली, पानी, सड़क, राशन और किसान समस्याओं से परेशान है, जबकि सरकार केवल प्रचार-प्रसार में व्यस्त है।



कांग्रेस जिलाध्यक्ष यादव ने कहा कि यदि वास्तव में सुशासन होता तो ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए भटकना नहीं पड़ता। किसानों को समय पर खाद-बीज नहीं मिल रहा है और बेरोजगार युवा रोजगार की तलाश में दर-दर भटक रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल कार्यक्रम आयोजित कर वाहवाही लूटने का प्रयास कर रही है, जबकि जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा। उन्होंने इस अभियान की कड़ी आलोचना करते हुए इसे 'केवल प्रचार का तिहार' करार दिया है।

विधायक यादव ने कहा कि ₹सुशासन₹ के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च कर इवेंट मैनेजमेंट करना जनता के साथ क्रूर मजाक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज को मजबूती से उठाती रहेगी और सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध करेगी। साथ ही उन्होंने प्रशासन से आम लोगों की समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांग की।

### भाजपा सरकार की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर : डॉ. रश्मि चंद्राकर



**महासमुंद।** जिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा है कि देश की जनता को त्याग, बचत और संकट का पाठ पढ़ाने वाली भाजपा सरकार खुद सत्ता के सुख और दिखावे में डूबी हुई है। उन्होंने कहा कि “जनता को ज्ञान देना आसान है, लेकिन खुद उस पर अमल करना भाजपा नेताओं के बस की बात नहीं है। ”डॉ. चंद्राकर ने कहा कि एक तरफ देशवासियों से कहा जाता है कि पेट्रोल-डीजल बचाइए, फिजूल खर्ची कम कीजिए, सादगी अपनाइए, वर्क फ्रॉम होम कीजिए और आर्थिक संकट के लिए तैयार रहिए, वहीं दूसरी तरफ भाजपा नेता सैकड़ों गाड़ियों के काफिले निकालकर करोड़ों रुपए के रोड शो और सरकारी इवेंट कर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि सच में देश आर्थिक संकट से गुजर रहा है और ईंधन बचत इतनी जरूरी है, तो इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को खुद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता के लिए अलग नियम और सत्ता में बैठे लोगों के लिए अलग नियम लागू कर रही है। आम आदमी से त्याग की उम्मीद की जा रही है, जबकि सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग शाही जीवनशैली का आनंद ले रहे हैं। यह दोहरा मापदंड अब देश की जनता साफ-साफ देख रही है।

# सतनामी समाज के विभिन्न सामाजिक संगठन के एकीकरण की शुरुआत

## राजधानी रायपुर में हुई बैठक, 18 दिसंबर को ही गुरु घासीदास जयंती मनाने सहित 15 रीति-नीति को प्रदेश भर में लागू करने का फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के पहल पर राजधानी रायपुर के विमतारा सभा हाल में सतनामी समाज के एक दिवसीय सामाजिक एकीकरण एवं एक समान रीति-नीति पर अमल करने के लिए प्रदेश के अलग-अलग संगठन के पदाधिकारी व सभी राजनीतिक दल के मंत्री, विधायक, सांसद, पूर्व विधायक, सांसद, मंत्री व अन्य जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध जन, कवि लेखक, गुरु, राजमहंत व विभिन्न जिलों से आए हुए समाजजनों की गरिमामय उपस्थिति में रखा गया। उपस्थित जनसमूह द्वारा गुरु घासीदास बाबा के छायाचित्र पर पूजा अर्चना करके कार्यक्रम की शुभारंभ किया गया। प्रगतिशील छग सतनामी समाज के पदाधिकारियों द्वारा सभा हाल में आगंतुक समाज प्रमुखों का तिलक चंदन लगाकर व सफेद गमछा भेंटकर सभी का स्वागत अभिनंदन किया गया।

सर्व प्रथम प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेशाध्यक्ष एल एल कोशले ने समाज की एकीकरण एवं समन्वय हेतु तथा समाज में जन्म-मृत्यु विवाह संस्कार के कुछ कुरीतियों को दूर कर नये संशोधन करने प्रदेश स्तर पर समाज के एक ही रीति रिवाज लागू करने 15 बिंदुओं पर सामाजिक सुधार के लिए प्रस्ताव रखा गया। इसके अलावा बलौदा बाजार आगजनी कांड मामला में समाज की निर्दोष लोगों के प्रकरण के निराकरण शासन स्तर पर करने के संबंध में प्रस्ताव रखा।

जिस पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए समाज प्रमुखों ने समाज सुधार से संबंधित 15 बिंदुओं की लिखित रीति नीति का समर्थन करते हुए समाज के सभी अलग-अलग संगठन का एकीकरण करने पर जोर दिया। तेलासीपुरी धाम के गुरु आसम दास एवं छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री दयालदास बघेल अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा, पूर्व मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया, पूर्व सांसद गोविंद राम मिरी, पूर्व सांसद पी आर खूंटे, कमला पाटले, पूर्व विधायक एवं अजा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सनम जांगड़े, पूर्व संसदीय सचिव चन्द्रदेव राय, पूर्व विधायक संजय ढीढी, कामदा जोल्हे पदमा मनहर, गोरेलाल बर्मन, आर पी भतपहरी, बेदराम मनहरे, बीरेंद्र ढीढी, पार्वती ढीढी, बी एल कुर्रे, डॉ लक्ष्मण भारती, एडवोकेट चंद्रप्रकाश जांगड़े, रेशम कुर्रे, राजमहंत दशेराम खांडे, अग्रलाल जोशी, सहित प्रमुख पदाधिकारियो ने सामाजिक सम्मेलन में अपने विचार रखे। सभी वक्ताओं ने सामाजिक एकीकरण हेतु प्रदेश के सामाजिक संगठनों में समन्वय बनाकर एकजुटता से कार्य करने एवं रीतिनीति में कुछ संशोधनों के साथ 15 बिंदुओं के प्रस्ताव को समाज में अमल करने का आह्वान किया। साथ ही सभी राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों ने दलगत राजनीति भावना से ऊपर उठकर समाज हित में काम करने की संकल्प दोहराया। तथा बलौदाबाजार आगजनी कांड में फंसे समाज के सभी निर्दोष लोगों की केस वापसी हेतु पहल करने की बात कही।



प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में लिए गए प्रमुख 15 निर्णयों में सामाजिक कार्यक्रमों में गुरु घासीदास जी की एक ही आरती गायन करने। सभी जगह प्रत्येक सोमवार को जैतखाम या गुरुद्वारा में गुरु वंदना अनिवार्य रूप से करने, सामाजिक कार्यक्रमों में सफेद वस्त्र धारण करना, छत्तीसगढ़ में गुरु घासीदास बाबा के जयंती केवल 18 दिसंबर को एक दिन मनाने एवं जयंती कार्यक्रम में सतनाम भजन, पंथी चौका आरती का ही आयोजन करने तथा नाचा गम्मत आर्केस्ट्रा जैसे कार्यक्रमों पर पूर्ण पाबंदी करने, सामाजिक एकजुट के लिए प्रदेश एवं जिलों में क्रियाशील सामाजिक संगठनों से एकीकरण एवं समन्वय स्थापित कर समाज हितार्थ कार्य करने व नशापान पर प्रतिबंध करने के निर्णय के साथ जन्म, विवाह और मृत्यु संस्कार के रीति रिवाज में समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए नियमावली बनाने व आदर्श विवाह को प्रोत्साहित किया जाना अनिवार्य होगी। जैतखाम की स्थापना पर विवादों से बचने के समाज के सलाह पश्चात सर्व सम्मति से निर्विवाद जगह में ही स्थापित करने, मृत्यु पर कफन कपड़ा के बदले सहयोग राशि देने को कड़ाई से पालन करने। मृत्यु भोज पूर्णतः प्रतिबंध करने, समाज में हो रही एकतरफा अंतरजातीय विवाह से हो रहे अंसतुलन व विवाह विच्छेद या सामाजिक विवादों का निपटारा समाज स्तर पर करने, प्रतिवर्ष सामाजिक एकीकरण सम्मेलन आयोजित करने की निर्णय लिया गया। उक्त प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में महासमुंद जिला से एसआर बंजारे, राजमहंत पी एल कोसरिया, दिनेश बंजारे, के सोनटके, विजय बंजारे, रेखराज बघेल, रतन बंजारे, कुमारी भास्कर, हीरालाल कोयल, विजय मिर्चे, घनश्याम जांगड़े, ईश्वर भारतद्वाज, गणेश टंडन, प्रोफेसर जगदीश खटकर प्रमुख रूप से शामिल हुए।

## ग्रामीणों ने संभाला जीर्णोद्धार का मोर्चा



**नर्रा।** आदिवासी बहुल्य ग्राम कारागुला में महाभारत काल के योद्धा पांचों पांडव युधिष्ठिर भीमसेन, अर्जुन नकुल और सहदेव समेत भगवान कृष्ण और माता कुंती की प्रतिमा स्थापित है। समय की मार और उचित रखरखाव के अभाव में मंदिर का ढांचा धीरे-धीरे जर्जर होने लगा है। मंदिर की महत्ता को देखते हुए अब ग्रामवासियों ने स्वयं बीड़ा उठाया है। साल 1978 में निर्मित इन मंदिरों का ढांचा समय के साथ जर्जर हो चला है। शासन के भरोसे बैठने के बजाय, कारागुला के ग्रामीणों ने खुद कमर कस ली है। ग्रामीण आपसी सहयोग और श्रमदान के माध्यम से मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य में जुट गए हैं, ताकि अपनी इस ऐतिहासिक और आध्यात्मिक विरासत को सुरक्षित रख सके। इस कार्य में ग्राम प्रमुख में मोतीराम यादव, खोलबाहरा निषाद, संतराम ठाकुर, भोला निषाद, सुमीत यादव, श्रवण ठाकुर समेत ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

# बैकयार्ड कुक्कुट योजना के तहत हितग्राहियों को वितरित किए गए सोनाली प्रजाति के रंगीन चूजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

स्थानीय पशु चिकित्सालय परिसर में मंगलवार को बैकयार्ड कुक्कुट इकाई योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को देशी कैटेगरी के हाइब्रिड रंगीन चूजों का वितरण किया गया। मिली जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक लगभग 85 यूनिटों को योजना का लाभ प्रदान किया जा चुका है। मंगलवार को प्रति यूनिट 45 चूजों के मान से 26 हितग्राही यूनिटों को सोनाली प्रजाति के चूजों का वितरण किया गया।

बताया गया कि यह योजना बारनवापारा, नवागांव एवं बल्दाकछार पशु चिकित्सालय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 18 वन ग्रामों सहित कुल 42 गांवों में संचालित की जा रही है। योजना के तहत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को 90 प्रतिशत तक तथा अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग के हितग्राहियों को 75 प्रतिशत तक अनुदान का लाभ प्रदान किया जाता है।



उन्होंने कहा कि आवंटित चूजों के समुचित रखरखाव एवं समय पर दाना-पानी दिए जाने से इसका वजन 2 किलो से लेकर 4.5 किलो तक हो जाता है। आगामी सत्र के लिए नवीन आवेदन भी स्वीकार किया जा रहे हैं।

अधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मुर्गी पालन स्वरोजगार एवं अतिरिक्त आय का बेहतर माध्यम बनकर उभर रहा है। अब तक योजना को लेकर हितग्राहियों से सकारात्मक फीडबैक प्राप्त हुआ है। साथ ही विभाग द्वारा अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी ग्रामीणों को प्रेरित किया जा रहा है।

